प्रकाशन की तिथी 26, जून 2016

वर्ष-31 अंक 7 जुलाई, 2016 मूल्य ₹ 10

प्राकृतिक चिकित्सा पर आधारित स्वास्थ्य की मासिक पत्रिका

*Organ of Akhil Bhartiya Prakritik Chikitsa Parishad*


# परिषद् प्रभा



कुल पृष्ठ संख्या 28 कवर सहित

**PARISHAD PRABHA**

गुरुर्ब्रह्म गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः






## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
## के अवसर पर 21 जून 2016

# परिषद् प्रभा

**अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद् की सहायक पत्रिका**

15, Rajghat Colony, New Delhi-110002 Tel.: 011- 23317396, Mob.: 9873392995
web.: www.yognature.org, E-mail: yognatureabpcp@gmail.com, yognature@rediff.com

भूर्विष्णु तथा लण्क्ष्मी भुर्वः इत्यभि धीयते।
तयो योः स्वरिति जीवस्तु स्वः इत्यमि धीयते॥
–वृद्धहारीति अ. 5/11

भूःविष्णु भगवान हैं तथा भुवः लक्ष्मी जो है उन दोनों का दास स्वः रूपी जीव है।

**संरक्षक** - **श्री केयूर भूषण** अध्यक्ष, अ.भा.प्रा.चि.परिषद् (स्वतन्त्राता सेनानी व पूर्व सांसद्, लोकसभा)

**संपादक** - **प्रभात मिश्रा**

**संपादक मंडल** - **डॉ. श्याम नारायण पाण्डेय, डॉ. अवधेश मिश्र, डॉ. आर.एस.डवास, डॉ. कांता बाजवा, श्री श्रीभगवान चौपड़यावाला**

| | |
|---|---|
| एक प्रति का मूल्य सदस्यों हेतु/Single Copy for Member | ₹ 10/- |
| वार्षिक शुल्क सदस्यों हेतु/Annual Subscription for member | ₹ 100/- |

**सदस्यों हेतु विज्ञापन दरें/Advertisemet Rates for members**

| | |
|---|---|
| पूरा कवर पृष्ठ रंगीन वार्षिक/ Full Cover Page Colour Annually | ₹ 24,000/- |
| पूरा भीतरी कवर पृष्ठ रंगीन वार्षिक/ Full Inside Cover Page Colour Annually | ₹ 18,000/- |
| पूरा पृष्ठ एक रंग में वार्षिक/ Full Page Single Colour Annually | ₹ 15,000/- |
| आधा पृष्ठ एक रंग में वार्षिक/ Half Page Single Colour Annually | ₹ 8,000/- |

पत्रिका में व्यक्त विचार लेखकों के हैं। सम्पादक का विचार से सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद की दशा में सारी कानूनी प्रक्रिया दिल्ली स्थित न्यायालय में ही सम्पन्न होगी। –प्रकाशक

## इस अंक में

☞ सम्पादकीय 4
☞ समाचार दर्पण 5
☞ स्वस्थ कौन है? 7
☞ प्रकृति की पुस्तक 8
☞ अधूरेपन का अनुभव 10
☞ जीवन की बुनियाद 13
☞ प्राकृतिक रोगोपचार 15
☞ वर्षा ऋतु?..... सावधान 16
☞ बिना दवा-स्वास्थ्य के सरल उपाय 17
☞ विशेष स्नान या खास नहान 19
☞ Meditate While you Earn 23
☞ Way of Nature 25

## पाठकों के सूचनार्थ

अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद् स्वाधीन भारत की एकमात्र असरकारी प्रतिनिधि संस्था है। गांधीजी के निर्गोपचार व योग के कार्य से जुड़ी लगभग 500 संस्थायें इससे सम्बद्ध होकर पूरे विश्व में प्राकृतिक चिकित्सा, योग, जैविक खेती व गोपालन आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार कर रही है। देश-विदेश के अनेकों जनपदों में संचालित सम्बद्ध संस्थाओं में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर परिषद के विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के शिक्षण प्रशिक्षण, अध्ययन, मार्गदर्शन केन्द्रों को सक्रिय किया गया है। नैसर्गिक स्वास्थ साधना के विभिन्न दूरस्थ पत्राचार, शिक्षण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के इच्छुक शिक्षार्थी परिषद् से सम्बद्ध किसी अध्ययन, मार्गदर्शन केन्द्र से सीधे इस साधना कार्यक्रम में सहभागिता कर सकते हैं। परिषद् के किसी केन्द्र के माध्यम से सहभागिता कर रहे प्रशिक्षार्थी को अपने निकटस्थ परिषद् से सम्बद्ध किसी भी केन्द्र से मार्गदर्शन व मूल्यांकन परीक्षा में सहभागिता का अवसर प्राप्त हो सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विवरिणका में नियमों का विवरण स्पष्ट दिया गया है। प्राकृतिक चिकित्सा का प्रचार-प्रसार करना परिषद् का प्रमुख उद्देश्य है। इस क्षेत्र में सक्रिय संस्थायें परिषद् के संयुक्त तत्वाधान में ऐसे किसी कार्यक्रम हेतु सम्बद्ध होना चाहे उनका स्वागत है।

**–महामंत्री**

# कौन थकान हरे जीवन की



बीत गया संगीत प्यार का,
रूठ गई कविता भी मन की।

वंशी में अब नींद भरी है,
स्वर पर पीत सांझ उतरी है
बुझती जाती गूंज आखिरी-

इस उदास बन पथ के ऊपर
पतझर की छाया गहरी है,

अब सपनों में शेष रह गई
सुधियां उस चंदन के बन की।

रात हुई पंछी घर आए,
पथ के सारे स्वर सकुचाए,
म्लान दिया बत्ती की बेला-
थके प्रवासी की आंखों में
आंसू आ आ कर कुम्हलाए,

कहीं बहुत ही दूर उनींदी
झांझ बज रही है पूजन की।
कौन थकान हरे जीवन की?

# सम्पादकीय

साधना के रूप में प्राकृतिक जीवन जीने की प्रेरणा देने का कार्य अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद् विगत 60 से अधिक वर्षों से निरन्तर करती रही है। ऐसी ही अनेकों संस्थाओं के अथक प्रयास के बाद भी वास्तविक स्वास्थ्य एक गम्भीर चुनौती बनता जा रहा हैं। प्रसन्न आत्मा, इन्द्रिय व मन युक्त प्राकृतिक स्वास्थ्य की खोज में नित नये-नये प्रयोगों के बाद भी स्थितियाँ नियंत्रण से बाहर होती जा रही हैं। शासकीय स्वास्थ्य तंत्र के जगजाहिर हो रहे घोटालों ने आमजनों में इसकी रही सही विश्वसनीयता को और तार-तार कर दिया। चिकित्सा सेवा को व्यवसाय बना चुके छोटे-बड़े मान्य-अमान्य निजी चिकित्सा संस्थाओं में उपचार बेचने का कार्य बड़े पैमाने पर फैल रहा है। विभिन्न जाँच समितियों द्वारा एम.सी.आई. यू.जी.सी., I.M.E., सी.सी.आर.वाई.एन. आदि की उपयोगिता पर प्रश्न चिन्ह् लगाने से इनके नियंत्रण में प्रशिक्षित व चिकित्सा संस्थाओं में कार्यरत चिकित्सकों की योग्यता भी कटघरे में है। यह विषम स्थिति ही हमें अपने-अपने कार्यों व उत्तदायित्वों का आत्मावलोकन व मूल्याँकन करने के लिए विवश करती है।

गांधी जी ने इन्हीं परिस्थितियों का पूर्वानुमान कर अपने चिकित्सक स्वयं कैसे बनें का प्रयोग प्रारम्भ किया। इसके लिए निसर्गोपचार को ही उपयुक्त पाया। निसर्गोपचार का कार्य समाज में अपना व्यवस्थित स्वरूप लेता इसके पूर्व ही गांधी जी का महाप्रयाण होने से कार्य की गति धीमी हुई। प्रतिष्ठित प्राचीन निसर्गोपचार संस्थाओं का बंद होना आज भी जारी है। समर्पित स्वास्थ साधकों की घट रही संख्या से आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देने के कार्य में बाधा उत्पन्न होना स्वाभाविक है। इसी लक्ष्य साधना में परिषद् अपना निसर्गोपचार साधक शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम व्यवस्थित करने के प्रति गम्भीर हुई। शासकीय मान्य पाठ्यक्रमों से प्रशिक्षित प्राकृतिक चिकित्सकों की घट रही लोकोपयोगिता व विश्वसनीयता की चुनौती को स्वीकार करते हुए परिषद् ऐसे निसर्गोपचार स्वास्थ साधकों के सृजन में पूरे मनोयोग से लगी है जिनके कार्य ही उन्हें लोकमान्य बनायें। अपने इन्हीं स्वनाम धन्य निसर्गोपचार साधकों के सहयोग से समाज के अन्तिम व्यक्ति को अपनी-अपनी व्याधियों के कुदरती उपचार की विधि का ज्ञान कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी ज्ञान प्रचार-प्रसार के निमित्त "परिषद् प्रभा" अनासक्ति भाव से आप तक बिना बाधा के पहुँचती रही इसमें आप सभी का सहयोग हमें चाहिए ही। पुनश्च

उजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो।
न जाने किस गली में जिंदगी की शाम हो जाये।।

**-सम्पादक**

# समाचार दर्पण

अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद् प्राकृतिक चिकित्सा को आमजन में लोकोपयोगी बनाने के प्रयास में सतत् संलग्न रही है। समृद्ध निरोगी प्राकृतिक जीवन जीने को साधनारत कर्मयोगियों को समाज में एक विचार व्यवहार को प्रचारित व प्रसारित करने के उद्देश्य से ही परिषद् विभिन्न शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है। इन पाठ्यक्रमों को ग्रीष्मकालीन गुणवत्ता मूल्यांकन परीक्षा देश के विभिन्न भागों में 11-12 जून 2016 को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सम्पन्न हुई। देश के विभिन्न स्थानों पर परिषद् द्वारा व्यवस्थित 111 परीक्षा केन्द्रों पर परिषद् द्वारा मनोनीत पर्यवेक्षकों की देखरेख में सम्पन्न इन परीक्षाओं में 5000 से अधिक प्रशिक्षार्थी साधकों ने सहभागिता की। प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. सच्चिदानन्द जी, परिषद् के उपाध्यक्ष आर० डबास०, महामंत्री डॉ० अवधेश मिश्र, मंत्री श्रीभगवान चौपइयावाला, डॉ० विनोद पाठक, डॉ० अतुल, क्षेत्रीय मंत्री डॉ० डी०डी० शेन्दर, डॉ० बसन्त सिंह, कार्यकारिणी सदस्य स्वामी शंकरानन्द प्रबोध, डॉ० सर्टोज मालू, डॉ० टी०एन० श्रीवास्तव, डॉ० अरविन्द त्यागी, डॉ० सहाय आदि के नेतृत्व में औचक निरीक्षण दल ने कार्यक्रम का गुणवत्ता संवर्धन हेतु व्यवस्थाओं की समीक्षा की। प्रशिक्षण कार्यक्रमों  व साधको की भूमिका को सर्वमान्य बनाने व शासन के कार्यों में समन्वय व सहयोग की दृष्टि से इन मूल्यांकन परीक्षाओं को मानकीकृत करने की आवश्यकता महसूस की गई। इसी क्रम के दिसम्बर 2016 की परीक्षाऐं सामूहिक परीक्षा केन्द्रों पर पर्यवेक्षकों की देखरेख में ही करने की तैयारी के प्रारूप में जून 2016 की परीक्षा मानी गई। आगे सभी के सहयोग से यह प्रशिक्षण अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करें ऐसा प्रयास है।

**गोवा में शीघ्र की स्थापित होगा अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान संस्थान–आयुष मंत्री भारत सरकार।**

यह जानकारी काया और कायातीत के लिए योग विषय पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत सरकार के माननीय आयुष मंत्री श्रीपाद नाइक जी ने दी। आयुष मंत्रालय के आमंत्रण पर परिषद् के महामंत्री डॉ० अवधेश कुमार मिश्र ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए महामहिम उपराष्ट्रपति जी ने कहा कि योग एक विज्ञान है। न कि कोई हठधर्मिता। इससे तन्दुरुस्ती के स्तर और समग्र स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करने में सहायता मिलेगी। समारोह में स्वामी रामदेवजी, प्रो० एच०आर० नागेन्द्र, स्वामी चिदानन्द मुनी, स्वामी अमृता सूर्यानन्द जी, डॉ० प्रणव पाण्डया जी, श्री अजीत मोहन सरन जी (सचिव आयुष), संयुक्त सचिव आयुष जितेन्द्र शर्मा आदि सहित देश-विदेश के आयुष प्रेरक-उत्प्रेरक, साधकों ने सहभागिता की।

**प्राकृतिक चिकित्सा साधक डॉ0 समुरेचन्द्र गुप्ता ने प्राकृतिक आहार-विहार के प्रति जन-जागरण के उद्देश्य से दिल्ली के कई स्थानों पर व्याख्यान दिये। अपने पठानकोट प्रवास में भी प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार का कार्य किया।**

प्राकृतिक चिकित्सा साधक डॉ० समुरेचन्द्र गुप्ता ने प्राकृतिक आहार-विहार के प्रति जन-जागरण के उद्देश्य से दिल्ली के कई स्थानों पर व्याख्यान दिये। अपने पठानकोट प्रवास में भी प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार का कार्य किया।

## 10 दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग शिविर सम्पन्न।

गायत्री सेवा आश्रम ट्रस्ट सम्भल द्वारा दिनांक 28 मई से 5 जून तक बबैना में 10 दिवसीय आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 26 रोगी पूरे 10 दिन रहे। इनमें उच्च रक्तचाप, सोरायसिस, कमरदर्द, अनिद्रा, मधुमेह, घुटनों में दर्द, मासिक धम की अनियमितता, श्वेत प्रदर तथा मोटापा आदि के रोगों से ग्रसित रोगियों ने चिकित्सा ली। शिविर में प्रातः जलनेती, कुंजल, योगासन, मिट्टी पट्टी तथा एनीमा का प्रयोग प्रत्येक रोगी को कराया गया। इसके अतिरिक्त रोगों के अनुसार ठंडा, गरम, गरम-ठंडा कटि स्नान, गरम पाद स्नान, वाष्प स्नान, मालिश, पूरे शरीर की गीली चादर लपेट, गरम-ठंडा सेंक तथा विभिन्न लपेटों का सहारा उपचार में लिया गया।

"आहार ही औषधि है" को ध्यान में रखकर रोगियों को फलाहार तथा रसाहार पर रखा गया। रसाहार के मध्य सफेद पेठे का रस, लौकी, खीरे का रस, तरबूज का रस, अनार का रस, पपीते का रस, मौसमी तथा नारियल पानी का प्रयोग किया गया। फलाहार में खरबूज, तरबूज तथा पपीते का प्रयोग किया गया। समापन में सभी रोगियों ने अपने अनुभव सुनाते हुए प्रसन्नता अनुीाव की तथा प्राकृतिक चिकित्सा के चमत्कारी परिणाम की प्रशंसा की।

शिविर को अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद् के सदस्य डॉ० सच्चिदानंद तथा तथा बिजनौर के आयुर्वेदाचार्य श्री रामप्रकाश जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। पुनः इस प्रकार के शिविर का आयोजन किया जाए इस मांग के साथ आयोजक श्रीमती सविता गर्ग ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया।

**अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद् ने संस्था को एक रोगी की पंजीकरण राशि सहयोग स्वरूप दी।**

19 से 28 जून 2016 के मध्य जीवन भारती प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र सिकन्दराराऊ, हाथरस में 10 दिवसीय पूर्ण आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा व योग शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में डॉ० दिनेश मिश्र (छतरपुर), डॉ० देशमुख (लातूर) ने अपनी पूर्ण सेवाओं से रोगियों का मार्गदर्शन किया। शिविर में प्रावेशित रोगियों को 10 दिन नियमित सहभागिता पर उनकी पंजीकरण राशि वापस की गई। अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा

परिषद् की ओर से एक प्रवेशित रोगी की पंजीकरण धनराशि दो हजार रुपये संस्था को उपलब्ध कराई गई। साधकों द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास के साथ नगर में स्वास्थ्य संदेश पदयात्रा निकाली गई। परिषद् के महामंत्री डॉ० अवधेश मिश्र ने मुख्य वक्ता के रूप में प्राकृतिक चिकित्सा के गुण व सिद्धान्त बताये। डॉ० सच्चिदानन्द ने शिविर का मार्गदर्शन किया।

**द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया**

सिकन्दराराऊ 19 जून जीवन भारती बाल भारत शिक्षा केन्द्र संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 10 दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में योग प्रेमी जनता, छात्र, छात्राओं सहित समिति के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रातः 5.30 बजे से 7.00 बजे तक संस्थान में छतरपुर से आमंत्रित विषय विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र के मार्गदर्शन में योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया। इस अभ्यास वर्ग में बड़ी संख्या में नगर की स्त्री, पुरुषों, बच्चों ने मनोयोग पूर्वक भाग लिया।

योगाभ्यास के पश्चात् सभी सहभागियों द्वारा नगर में योग जन जागरण रैली का आयोजन किया गया। इसमें नगर में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा स्वास्थ्य स्वाबलंबन का संदेश देने के उद्देश्य से नारों का उद्घोष किया गया। इस रैली से समाज में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग के प्रति जागरूकता पैदा हुई। रैली का नेतृत्व डॉ. सच्चिदानंद जी एवं लातूर से पधारे डॉ. भाऊराव बसंत राव देशमुख ने किया।

रैली के उपरांत प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग शिविर में शामिल शिविरार्थियों को प्राकृतिक चिकित्सा की विधाओं का प्रयोगात्मक कर उन्हें प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग से स्वस्थ रहने का ज्ञान कराया गया। शिविरार्थियों को भोजन आदि की व्यवस्था संस्थान की ओर से नि:शुक्ल की जा रही है।

रैली में प्रबन्धक श्री नरेश प्रताप सिंह, श्री कौशल किशोर जी, श्री युवराज सिंह, श्री सतीश चन्द्र गुप्ता मंत्री, श्री उमेश कुमार उपाध्याय, श्री सतीश चन्द्र गुप्ता अध्यापक, श्री कुंवरपाल सिंह, कुमारी स्मितता, कुमारी अर्चना, रम्या, कृतिका, हर्ष, वैभव तथा कांतम सहित अनेक नगरवासियों ने भाग लिया। ■

# सफलता के सात सूत्र

■ दयानन्द स्वरूप अग्रवाल

**1. सुनियोजित जीवन बिताइए**

सफल व्यक्ति जी तोड़ मेहनत करने को तो तैयार रहते हैं लेकिन सीमा में, उनके लिए काम ही सब कुछ नहीं होता, ये पारिवारिक जीवन को महत्व देते हैं, अपने बच्चों तथा घनिष्ठ मित्राों के साथ पर्याप्त जीवन व्यतीत करते हैं।

**2. काम अपनी रुचि का चुनिए**

जीवन में ऊँचाई पर पहुँचने वाले व्यक्ति वही काम चुनते हैं जो उनकी रुचि का होता है। वेतन, वृद्धि, पदोन्नति तथा अधिकारों जैसे बाह्य संतोष की अपेक्षा आंतरिक संतोष पर अधिक बल देते है, अंत में उन्हें दोनों तरह का संतोष प्राप्त होता है। उनका काम औरों की अपेक्षा श्रेष्ठ होता है। इसलिए पुरस्कार भी अच्छा मिलता है।

**3. हर चुनौती भरे काम की मानसिक तैयारी कीजिए**

बैठे-बैठे किले बनाते रहना एक बात है और कौशलपूर्ण ढंग से कोई काम करने की मानसिक योजना बनाना दूसरी बात है।

**4. आदर्शों पर नहीं परिणामों पर ध्यान केन्द्रित कीजिए**

अनेक महत्वाकांक्षी व्यक्ति आदर्श काम करने की भावना से इतने ग्रस्त रहते हैं कि वे ज्यादा काम नहीं कर पाते। सर्वश्रेष्ठ काम वही लोक कर पाते हैं जो पूर्णत: त्राुटिहीन काम करने के दबाव में नहीं रहते। वे अपनी गलतियों को असफलता नहीं मानते हैं उनसे अगली बार बेहतर काम करना सीखते हैं।

**5. जोखिम उठाने को तैयार रहें**

ऊँचाई पर जाने वाले लोग जोखिम को तैयार रहते हैं क्योंकि वे मानसिक रूप से पहले ही तैयार रहते हैं कि अगर सचमुच असफल होने लगे तो परिस्थिति को संभालने के लिए तैयार रहेंगे।

**6. अपनी सामर्थ्य को कम कम आंकिये**

अपने को सीमाओं में बाँध देने वाला विश्वास उच्च स्तर के कार्यों के लिए सबसे बड़ी बाधा होते हैं। ऊँचे काम करने वाले लोग कृत्रिाम बाधाओं की परवाह नहीं करते। वे अपनी भावनाओं, अपनी कार्यप्रणाली और अपने प्रयत्नों की गतिशीलता के प्रति ध्यान केन्द्रित करते हैं और इसी कारण सर्वश्रेष्ठ स्तर के परिणाम प्राप्त कर पाते हैं।

**7. दूसरों से नहीं अपने आपसे प्रतिगिता कीजिए**

बड़े-बड़े काम करने वाले लोग प्रतियोगियों को पछाड़ने के बजाय अपने पिछले प्रयत्नों से आगे निकलने का प्रयत्न करते हैं। वातव में किसी प्रतियोगी की योग्यताओं के बारे में चिंता करने और उससे श्रेष्ठ साबित हो जाने की संभावना पर सोचते रहने से अक्सर अपनी हार हो जाती है। आपमें अपनी दिमागी आदतें बदलने और अनेक कौशल सीखने की क्षमता है। यदि आप ऐसा करने का निर्णय कर लें तो आप अपना काम उत्पादन क्षमता और सम्पूर्ण जीवन के रंग ढंग ही बदल सकते हैं। ■

# स्वस्थ कौन है?

स्वस्थ वह है जो अपने आप में स्थित है (स्व+स्थ=स्वस्थ) अर्थात जो शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, सामाजिक व्याधियों से रहित है। जिससे सारे के सारे शारीरिक संस्थान–पाचन, रक्ताभिसरण, स्वसन, उत्सर्जन, नाड़ी (तंत्रिका) आदि सुचारू रूप से कार्य करते रहते हैं।

आयुर्वेद के अनुसार जिस व्यक्ति के शरीर में त्रिदोष (वात, पित्त व कफ) साम्य अवस्था में हों। पंच महाभूतों (आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी) की पांच, सातों धातुओं (रस, रक्त, मांस, भेद, अस्थि, मज्जा, शुक्र) की सात और तेरहवीं जठर की अग्नि; ये सब अग्नियाँ समान हों, रस रक्त आदि सातों धातु पुष्ट व समान हों, मल-मूत्र विसर्जन क्रिया ठीक हो, आत्मा, इन्द्रियाँ व मन प्रसन्न अवस्था में हों, उस व्यक्ति को स्वस्थ कहा जा सकता है।

योग शास्त्र के अनुसार जो चित्त के अंश–मन, बुद्धि, अहंकार पर नियंत्रण करता है, वह स्वस्थ है। इन पर नियंत्रण प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं आसनों आदि से संभव होता है।

गाँधीजी के अनुसार "जिसका शरीर व्याधि रहित है, जिसका शरीर सामान्य काम कर सकता है। अर्थात जो मनुष्य बगैर थकान के रोज दस-बारह मील चल सकता है। जो बगैर थकान के सामान्य मेहनत मजदूरी कर सकता है। सामान्य खुराक पचा सकता है, जिसकी इन्द्रियाँ और मन स्वस्थ हैं। ऐसे मनुष्य का शरीर तंदुरूस्त कहा जा सकता है। इसमें पहलवानों या अतिशय दौड़ने-कूदने वालों का समावेश नहीं है। ऐसे असाधारण बल वाले व्यक्ति का शरीर रोगी हो सकता है। ऐसे शरीर का विकास एकांगी कहा जाएगा।

**संक्षेप में स्वस्थ व्यक्ति के लक्षण हैं–**

1. जिसके पैर गरम, पेट नरम और सिर ठंडा रहता हो।
2. पेट छाती से बाहर न निकला हो।
3. जिसे सच्ची भूख खुलकर लगती हो तथा जिसे प्राकृतिक खुराक द्वारा पूरी तृप्ति होती हो।
4. जिसकी पाचन क्रिया चुपचाप चलती हो कि व्यक्ति को उसका पता भी न चले। उसे खाने के बाद भारीपन और तरह-तरह के कष्ट न हों तथा उसे मसालेदार खुराक, तीखे पेय पदार्थों की इच्छा न हो।
5. जिसे प्यास लगने पर केवल पानी की इच्छा रहती हो, न कि साफ्ट ड्रिंक्स की।
6. जिसे पेशाब आने में कोई कष्ट न होता हो, अधिक गर्म भी न हो। वर्ण विहीन, सुर्ख रंग का, काला, मैला या गाढ़ा न हो। साधारणत: इसका रंग हल्का पीला, बादामी (गोमूत्र वर्ण का) हो। हरा, धूम्र वर्ण और सफेद, रक्तवर्ण और कृमियुक्त न हो।
7. जिसका मल भी बहुत पतला, बहुत सख्त, काली गांठ की शक्ल का न हो।
8. जिसके पूरे शरीर में पसीना खुलकर आता हो जिसक त्वचा से कोई बदबू न आती हो। त्वचा नम हो, हर लसलसी हुई न हो। स्पर्श में हल्की, गरम और कोमल हो, पर रूखी न हो।
9. जिसे शांत और गहरी नींद आती हो। जिसे जागने पर प्रसन्न मन, प्रसन्न शरीर और आत्मा तृप्ति हो, पर जिसे आलस्य या परेशानी न हो।
10. जिसके फेफड़े अपना कार्य बिना किसी कठिनाई के पूरा करते हों। हवा नथुनों से आती-जाती हो, न कि मुँह हर समय खुला रहता हो।
11. जिसका मन सकारात्मक दृष्टिकोण रखता हो, मन व शरीर की स्थिति संतुलित हो, चेहरे पर सदैव शांति एवं प्रसन्नता रहती हो, विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य एवं साहस न टूटता हो।
12. जो समाज एवं परिवार में अपनी जिम्मेदारियों को लगन और प्रसन्नतापूर्वक पूरा करने का उत्साह रखता हो। जो जीवन के सभी रचनात्मक कार्यों में खुशी से भाग लेता हो।
13. जिसका शरीर बीमार न पड़े और अपने शरीर से वह जो चाहे उसे उचित रीति से करा ले। जिसका शरीर अपना सब काम ठीक प्रकार से करता रहे।
14. जिसका चेहरा तेज है, आँखों में चमक है, कान ठीक सुनते हैं, मुँह या दाँतों से बदबू नहीं आती, चलने-फिरने से सांस नहीं उखड़ती, हृदय की धड़कन सामान्य है और शरीर फूल की तरह हल्का और फुर्तीला दिखाई देता है तो वह स्वस्थ है।

**सुझाव–**

यदि आप चाहते हैं कि स्वस्थ व्यक्ति के उपरोक्त लक्षण आप में पाए जायें तो आप प्रकृति के नियमों पर चलें। इसके लिए जरूरी है कि आप लोग भोजन सुधार (रक्त शोधन हेतु) षटकर्म व शंख प्रक्षालन (मल एवं दोष शोधन हेतु), प्रत्याहार, धारणा, ध्यान (मन शोधन, विवेक बुद्धि जागरण एवं आत्म दर्शन हेतु) के साथ-साथ प्राकृतिक चिकित्सा एवं घरेलू जड़ी-बूटियों का सहारा लें। स्वस्थ शरीर रखने के लिए दवाइयों के पीछे भागना मूर्खता ही होगी क्योंकि दवाईयाँ तो अस्थायी लाभ पहुँचाती हैं, किन्तु बाद में ये अनेक भयंकर एवं घातक रोग उत्पन्न कर देती हैं। ■

# प्रकृति की पुस्तक

व्यक्ति सामाजिक प्राणी है। इसलिये समाज में रहने का अभ्यस्त हो गया है। वह भूल ही गया है कि प्रकृति के साथ रहने का अपना अद्भुत आनन्द है।

व्यक्तियों के सम्पर्क में रहने से, उनके संस्कार और शब्द जीवन में भरते रहते हैं। प्रकृति के साथ रहने पर व्यक्ति शब्द और संस्कारों से मुक्त रहता है।

प्रभात में किसी बाग–वाटिका में चले जायें। चुपचाप किसी वृक्ष के पास बैठें। वृक्ष मौन है, आप भी मौन हो जायें।

चारों ओर पंछी अस्तित्व का गुणगान कर रहे हैं। आप शान्त होकर पंछियों का कलरव सुनें। अपनी तरफ से कोई प्रतिक्रिया न करें। पंछी क्या कह रहे हैं, समझने की कोशिश न करें। प्रकृति के साथ अपनी बुद्धि को न लगायें। बुद्धि का प्रयोग जीवन के क्षेत्र में करें।

प्रकृति के साथ हृदय से जुड़ें। कभी शाम को बन–वाटिका में चले जायें। पंछियों को अपने–अपने घोंसलों की ओर लौटते हुए देखें। यह पंछी प्रभात में कितनी जल्दी उठ जाते हैं, गौर से देखें। क्या पंछियों की तरह आप भी प्रभात में उठ जाते हैं?

पंछी कितने समय से शाम को अपने घोंसलों में आ जाते हैं। क्या आप भी समय से अपने घर के घोंसले में वापिस आ जाते हैं।

पंछी भी दिन में अपने खाने–पीने की व्यवस्था के लिये इधर–उधर भटकते हैं। आदमी भी रोजी–रोटी के लिये दिनभर जुटा रहता है। पंछियों की जीवन शैली तो आदमी अपना ही नहीं सकता। पंछी तो अस्तित्व पर पूर्ण समर्पित हैं।

आदमी बुद्धिमान प्राणी है, इसलिये सोचता है कि अपने भविष्य का भी इन्तजाम कर ले। हालांकि जानता है कि जीवन में अगले क्षण का कुछ भी पता नहीं है। किसी क्षण भी जीवन दीप बुझ सकता है।

"सामान सौ बरस का पल की खबर नहीं।" संत यह तो नहीं कहते कि अपना कर्म न करो, या श्रम न करो। लेकिन इतने भी व्यस्त न हो जाओ कि जीवन का विश्राम ही विदा हो जाये।

समाज में बहुत से सम्बन्ध बनाये हैं। अब प्रकृति से भी अपने सम्बन्ध बना लो। प्रकृति से भी दोस्ती करना सीखो।

वृक्षों से दोस्ती करो। पंछियों से दोस्ती करो। संसार की दोस्ती में तो कुछ न कुछ स्वार्थ की गंध जरूर रहेगी। प्रकृति से जब आप दोस्ती करेंगे तो आपको किसी प्रकार की अपेक्षा नहीं रहेगी।

जीवन में अपेक्षा ही तो सुख–दुख देती है। अपेक्षा पूरी हो जाये, सुख की सुगन्ध मिलने लगती है। अपेक्षा अधूरी रह जाये, दुःख के कांटे चुभने लगते हैं।

पंछियों से आप क्या अपेक्षा करेंगे? क्या आप अपने बुढ़ापे का उन्हें सहारा समझेंगे? क्या वृक्ष तुम्हें बीमारी में अस्पताल में जाकर भर्ती करायेंगे? ऐसी आप उनसे अपेक्षा रखते हैं? आपने बहती हुई सरिता से दोस्ती की है, क्या आप अपेक्षा रखेंगे कि गंगा आपको भोजन बनाकर खिलायेगी?

परिवार के तो सभी सम्बन्ध अपेक्षाओं के धागे से जुड़े हुए हैं। माता–पिता सन्तान से अपेक्षा करते हैं कि हमारी वृद्धावस्था में सन्तान हमारे सहारे की लाठी बनेगी।

हमारा शरीर रोगी होगा तो सन्तान दवा करायेगी। पत्नी रोटी बना कर खिलायेगी। पति बाहर से धन कमा कर लायेगा। पति–पत्नी एक–दूसरे का ख्याल रखेंगे।

यह अपेक्षा का रोग आदमी को ही लगा है। यही रोग तो उसे जीवन भर बीमार रखता है। अपेक्षाएं पूरी कराने के लिये व्यक्ति परतंत्र है, पराधीन है।

यह परतंत्रता, पराधीनता ही तो बन्धन है, दुःख का मूल है। यह अपेक्षा का रोग प्रकृति को नहीं लगा है। प्रकृति अपेक्षा के रोग से मुक्त है, तभी तो सुखी है।

हम लोग प्रकृति से यही शिक्षा ले लें, यही सन्देश ले लें कि हम परिवार और समाज में अपेक्षा–मुक्त जीवन जीयें।

हम सभी अनापेक्षा के स्वास्थ्य की सुगन्ध से आपूर हों। पुस्तकें जरूर पढ़ें लेकिन प्रकृति की पुस्तक भी पढ़ें।

शब्द की पुस्तकें तुम्हें शब्द–कोष प्रदान करेंगी, विद्वान बनायेंगी, तुम्हारी रोजी–रोटी का साधन बनेंगी। प्रकृति की पुस्तक आपको निःशब्दता में ले जायेगी। महिमावान बनायेगी। तुम्हारे अन्तराल में शान्ति की धारा बहायेगी।

अपनी वाटिका में समय मिलने पर स्वयं ही वृक्षों को पानी दें। वृक्ष खुश होते हैं। वृक्षों में महसूस करने का माद्दा है।

वृक्ष महसूस करते हैं कि आज मेरा प्रिय मालिक मुझे पानी पिला रहा है। आप जरा सोचें–जब आपको नौकर पानी पिलाता है तो आपको कैसा लगता है और जब कोई अपना प्रिय पानी पिलाता है तो आपको कैसा महसूस होता है?

आपने कोई पशु पाल रखा है। जब भी आप घर से बाहर जायें, उससे मिल कर जायें। आप बहुत देर बाद जब लौटेंगे तो वह आपकी प्रतीक्षा करता रहता है, घर लौटने पर आप जरूर उससे मिलें।

जहां तक हो सके अपने पालतू पशु को खुद खिलायें। क्या नौकर उसे दिल से खाना खिलायेगा? आपको जब आपका प्रिय भोजन कराता है तो आपको कितना अच्छा लगता है। और जब नौकर भोजन कराता है तब आप कैसा महसूस करते हैं।

नौकर से खाना खाते समय आपका पालतू पशु भी ऐसा ही महसूस करता है। अगर आप उसे समय नहीं दे सकते तो न पालें। यह पशु–प्रेम नहीं, हिंसा बन जायेगा।

पंछियों को दाना डालना सीखें। कौओं को रोटी खिलायें और गौसेवा के लिये नियमित रूप से अपनी कमाई का कुछ अंश अवश्य निकालें। वृक्षों, पशुओं की सेवा करने से आपको सुकून मिलेगा। आपको पुण्य–पुष्प उपलब्ध होंगे, जिनकी सुगन्ध से दुःख की दुर्गन्ध बिदा होगी।

जब भी समय मिले, प्राकृतिक स्थलों पर अवश्य जायें, वहां शांत और मौन होकर प्राकृतिक दृश्यों को निर्विकल्प भाव से देखें।

निःशब्द होकर वहां की निस्तब्धता को महसूस करें। सरिता और झरनों का स्वर सुनें। पर्वतों की स्थिरता के साथ स्वयं स्थिरता में उतरें।

वृक्षों के निकट बैठ कर विश्राम मुद्रा में, विश्राम में उतरे। घर से जब निकलें तो संसार घर पर ही छोड़ दें।

प्रकृति के परिक्षेत्र में प्रकृति के साथ रहें, तभी हम लोग प्रकृति की अज्ञात तरंगों को ग्रहण कर पायेंगे, आत्मसात कर पायेंगे।

सद्गुरु वट वृक्ष के नीचे आकर वि. राजमान हो गये हैं। सभी साधक शान्त और मौन बैठे हैं। महापुरुष के आगमन की प्रतीक्षा है। थोड़ी देर बाद महापुरुष का आगमन होता है। सद्गुरु एवं समस्त साधक उठकर उनका स्वागत करते हैं।

समस्त साधक प्रणत होते हैं। दोनों महापुरुष एक दूसरे के समक्ष नमन भाव में होते हुए ब्रह्मवेदी पर आकर बैठते हैं।

कुछ क्षणों के बाद एक साधक ने खड़े होकर निवेदन किया कि कल की चर्चा में आपने इशारा किया था कि पूर्णता तो प्राप्त हो नहीं पायेगी तो फिर यह अधूरापन कैसे दूर होगा? महापुरुष बोले–व्यक्ति जब तक संसार से अपने को भरने की कोशिश करता रहेगा, तब तक यह अधूरापन दूर हो ही नहीं सकता।

संसार में व्यक्ति कितनी भी विकास की सीढ़ियाँ चढ़ जाये, फिर भी कोई न कोई विकास का सोपान अवशेष रहेगा।

अभी तक व्यक्ति पृथ्वी पर रह रहा है। अब चन्द्रमा की खोज हो गई। अब चांद पर घर बनाने की सोच रहा है।

फिर किसी अन्य नक्षत्र की खोज करेगा, वहां जाने की कोशिश करेगा, वहां रहने की सोचेगा।

ब्रह्माण्ड तो बहुत बड़ा है। कहां–कहां नक्षत्रों की खोज करेगा और कहां–कहां जाकर आवास की कल्पना करेगा?

उम्र की सीढ़ियां आदमी चढ़ रहा है। यह भी पता नहीं है कि किस सीढ़ी पर जाकर दम टूट जायेगा। व्यक्ति का भविष्य कितना अनिश्चित है? यह भी पक्का नहीं कि यह जो सांस बाहर जा रही है, लौटकर अन्दर आयेगी भी या नहीं।

आज का सूरज देखा है, कल का सूरज देख भी पायेंगे या नहीं? इस नश्वर जमीन में संसार को पकड़ने की हम लोग कोशिश कर रहे हैं, क्या इस भागते हुए संसार को पकड़ पायेंगे। संसार की रफ्तार बहुत तेज है। हम इतनी तीव्रता से नहीं भाग पायेंगे। यह जानते हुए भी वस्तुओं को, व्यक्तियों को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

कभी एकान्त में बैठकर शान्त होकर सोचें जो वस्तुएं हमारे पास हैं, जो व्यक्ति हमारे साथ हैं, यह हमसे छूट रहे हैं, यह हमसे दूर जा रहे हैं। क्या हम इन्हें पकड़ कर रख सकेंगे? क्या वस्तुएं पुरानी होकर जीर्ण नहीं हो रही हैं? क्या जीर्ण होने के बाद उन्हें हम अपने घर से नहीं हटा देंगे।

पुरानी चीजें जब हमारे लिये उपयोगी नहीं रहती तब हम उन्हें कबाड़ी को बेच देते हैं। व्यक्ति का संयोग निरन्तर वियोग में बदलता रहता है। एक दिन जीवन में वह विषम घड़ी भी आ जाती है, जब तन के सम्बन्ध छूट जाते हैं।

श्वांसों के धागे टूट जाते हैं। जिसके साथ जिन्दगी का इतना वक्त गुजारा, उसी को शमशान में जाकर जला आते हैं, दरिया में बहा आते हैं या करबला में दफना आते हैं। कितने शौक से शहनाई बजाकर जीवन साथी को घर लाये थे, हमारे न चाहने पर भी मौत की काली रात ने उसे खा लिया।

साथी बिछुड़ गया। व्यक्ति अकेला रह गया। कुछ लोगों के तो जीवन रहते ही साथी बिछुड़ जाते हैं।

संग में रहते हुए भी साथ छूट जाते हैं। अकेले थे, अकेले रह जाते हैं।

अब हम अकेलेपन को भरने के लिये फिर साथी ढूंढते हैं। सोचते हैं पहले सा. थी ने साथ नहीं निभाया, यह साथी साथ निभायेगा। कब तक हम इस अकेलेपन की खाई को भरते रहेंगे? यह अंधेरी खाई कभी भी नहीं भरती है।

जहां पर्वत हैं, वहां घाटी होती ही है। घाटियों को आजतक कोई भर पाया है? खाली घाटियों की तो अपनी महिमा है। पानी बरसता है, ऊँचे–ऊँचे पहाड़ सूखे रह जाते हैं और घाटियां जल से भर जाती हैं।

पहाड़ अन्दर से भरे हैं, इसलिये अपने में पानी को समेट नहीं पाते। घाटी खाली है, इसलिये जल से अपने को आपूर कर लेती है। हम भी पहाड़ नहीं, घाटी बनें। संसार से अपने को भरे नहीं। घाटी की तरह खाली हो जायें।

खाली होने के विज्ञान को समझें। यह खाली होने का विज्ञान **ध्यान का विज्ञान है।**

जिस शयन कक्ष में आप विश्राम करते हैं। यदि पूरा शयन कक्ष सामान से भरा हो, तब कमरा अच्छा लगेगा, या खाली–खाली हो तब। जिस बैठक (ड्रांइग रूम) में आप बैठते हैं यदि उसे अधिक सामान से भर दिया जाये तब वह शोभायमान होगा, या जब खाली खाली दीखे तब ड्रांइग रूम की शोभा बढ़ेगी?

जब आप किसी लॉन में बैठते हैं, पार्क में जाते हैं, किसी प्राकृतिक स्थल पर पहुंचते हैं, तब आपको वहां बहुत अच्छा लगता है।

वहां खुलापन है, खालीपन है। इसलिये आप वहां शान्ति महसूस करते हैं। जहां ज्यादा भीड़ होती है, वहां आप घुटन मह. सूस करते हैं।

कोई पात्र खाली होगा, तभी तो उसमें कुछ भरा जायेगा। कोई जगह खाली होगी तभी तो वहां सामान रखा जायेगा।

आधार खालीपन है, भरापन नहीं। खाली ही नहीं होगा कोई पात्र, कोई स्थान, कोई वस्त्र तो भरने की घटना कैसे घट पायेगी?

हम लोगों की दृष्टि खालीपन पर नहीं, भरेपन पर है।हमने महत्व भरेपन का बढ़ा दिया है, खालीपन के महत्व को नहीं समझा।

सन्त, महापुरुष खालीपन की महिमा बताते हैं। हे मानव! तुम बाहर से व्यक्तियों से घिरे हो और अन्दर से विचारों से भरे हो।

थोड़ा व्यक्तियों से हट कर एकान्त में जाओ।थोड़ा अन्दर के विचारों से खाली हो जाओ।

फिर देखो, तुम्हारे जीवन में ध्यान की घटना सहज में ही घटेगी।

जीवन तो एक बांसुरी की तरह है। यदि जीवन की वंशी अन्दर से खाली है तो उससे स्वर फूटेगा।

जीवन की बांसुरी को कीमती से कीमती चीज से भी भर दिया तब भी बांसुरी से नाद निनादित न हो पायेगा।

आज जो हमारे जीवन की बांसुरी से शांति का स्वर प्रस्फुटित नहीं हो पा रहा है, हमने धन के साथ लोभ को अन्दर भर लिया है।

परिवार के साथ–साथ मोह को अन्दर में भर लिया। पद मिला अन्दर में अहंकार से भर गये।

बाहर से बाहरी संसार से भरे और अन्दर से विकार भर लिये।

अब बताओ–जीवन की वंशी से आनन्द का गीत कैसे फूटे!

जब भी समय मिले अपने को बाहरी क्रियाओं से न भरें। शान्त बैठ कर अन्दर के विचारों को देखें।

साधक के देखने मात्र से विचार धीरे–धीरे बिदा होने लगेंगे और अन्दर का जो खालीपन है, वह उपलब्ध होने लगेगा।

जब जीवन की बांसुरी अन्दर के विच. ारों से खाली हो जायेगी, तो सहज में ही शान्ति, प्रेम और आनन्द का स्वर प्रस्फुटित होने लगेगा।

महापुरुष की वाणी सभी साधकों ने बहुत शान्त होकर सुनी। सभी ने अपने प्रणाम अर्पित किये।

दोनों महापुरुष गंगा–तट की ओर चले गये। ■

# अधूरेपन का अनुभव

प्रातःकाल ऋषिकेश के लिये महातीर्थ–सा बन जाता है। ऋषिकेश तीर्थ तो है ही, लेकिन शीत काल में यह महातीर्थ का स्वरूप धारण कर लेता है।

ऋषिकेश के जंगल में जो प्राकृतिक गुफायें छः महीने तक खाली पड़ी रहती है, शीतकाल में सुदूर पर्वतीय क्षेत्र की गुफाओं में आवास करने वाले महापुरुष निवास करते हैं।

ऋषिकेश में विरक्त महापुरुषों के लिये बहुत से विरक्त कुटीर निर्मित कराये गये हैं। इन विरक्त कुटीरों में विरक्त महापुरुष आकर निवास करते हैं। पर्वतों से नीचे समतल क्षेत्र में निवास करने वाले विरक्त महापुरुष भी ग्रीष्म ऋतु में इन कुटीरों में आकर ठहरते रहते हैं।

सर्दी के दिनों में समतल भूमि से आने वाले विरक्त महापुरुष पुनः अपने–अपने विरक्त कुटीरों में वापिस चले जाते हैं।

शीतकाल में पर्वतीय कन्दराओं से आने वाले महापुरुष इन प्राकृतिक गुफाओं को अपनी पावन उपस्थिति से अतिपावन बनाते हैं। इन महापुरुषों में कुछ महापुरुष तो सूर्यास्त से पूर्व कुछ शब्द बोल भी देते हैं, जो लोग दर्शन करने आते हैं,उन्हें दर्शन भी दे देते हैं। कुछ महापुरुष ऐसे भी हैं जो न किसी से बोलते हैं और न किसी से मिलते हैं। उनके द्वार पर लिखा रहता है कृपया एकान्त में व्यवधान न डालें।

कुछ महापुरुष अन्नग्रहण करते हैं और कुछ तो फलाहार ही करते हैं। कुछ महापुरुष भिक्षा करने के लिए अन्नक्षेत्रों में आ जाते हैं। कुछ महापुरुषों के लिये उनकी गुफा पर ही अन्नक्षेत्र के संचालक भोजन एवं फलाहार की व्यवस्था कर देते हैं।

इन महापुरुषों को निःशब्दता और एकान्त प्रिय है। यह लोग न किसी से बोलना चाहते हैं और न ही किसी से मिलना। पूर्णतया अन्तस एवं बाह्य जीवन में ये महापुरुष पूर्ण एकान्त का रसपान करते हैं। यदि कभी किसी साधक को इन महापुरुषों का सान्निध्य उपलब्ध हो, तो उस साधक को वहां जाकर अन्दर–बाहर से निःशब्द रहकर महापुरुषों की दिव्य तरंगों को महसूस करना चाहिये।

महापुरुषों के सान्निध्य में जाकर कभी भी संसार की चर्चा नहीं करनी चाहिये। अपनी सांसारिक समस्याओं की पोटली उनके सामने नहीं खोलनी चाहिये।

अपने अन्दर जो संसार का कूड़ा भरा है, वह वहां जाकर उनके सामने नहीं बिखेरना चाहिये। वहां जाकर शान्त और मौन बैठ जाना चाहिये। वहां जो शून्य की तरंगे तरंगित हो रही हैं उन तरंगों को आत्मसात होने देना चाहिये।

शीतकाल में यह महापुरुष नित्य गंगा–स्नान करते हैं। इन्हें ऋषिकेश की गंगा का शीतल जल अधिक शीतल नहीं लगता। यह महापुरुष उत्तरकाशी, गंगोत्री, बद्रीनाथ आदि में रहकर वहाँ के शीतल जल में स्नान करते हैं।

शीतल जल में स्नान करने से इनके शरीर स्वस्थ रहते हैं। तितिक्षा के कारण शीत का इनके शरीरों पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ता। ऋषिकेश में गंगातट पर बहुत बड़े–बड़े शिलाखण्ड पड़े हैं। कभी–कभी कोई महापुरुष गंगा की तरंगों का अवलोकन करने के लिये इन शिला खण्डों पर आकर बैठ जाता है।

वट–वृक्ष के नीचे बैठे हुए सद्गुरु साधकों को बता रहे हैं कि हे साधको! कल शाम शिलाखण्ड पर बैठे हुए एक महापुरुष के अचानक दर्शन हो गये। गंगा के किनारे शीतल वायु बह रही थी, ठंडक थी। लेकिन यह महापुरुष नग्न बैठे हुए थे।

जैसे कोई ग्रीष्म ऋतु में नग्न बैठा हो। शीत की लहरों से वह अप्रभावित थे और ध्यान में निमग्न थे। हे साधको! ऐसे महापुरुषों के दर्शन प्रभु कृपा से होते हैं।

हम चुपचाप उनके पास जाकर शिलाखण्ड पर बैठ गए। थोड़ी देर बाद उन्होंने नेत्र खोले और हमें देखकर बहुत प्रसन्न हुए। उन्होंने हमें पहचान लिया। बहुत वर्ष पहले इन महापुरुष के दर्शन हमें गंगोत्री में हुए थे।

कुछ अन्तरंग चर्चा के बाद हमने महापुरुष से निवेदन किया कि इन दिनों इस वन–प्रदेश में ध्यान शिविर का आयोजन किया गया है।

इसमें ध्यान के बहुत से प्यासे साधक आये हुए हैं। हम चाहते हैं कि आप वहां पधार कर साधकों को अपने अनुग्रह से अनुगृहीत करें।

उन्होंने हमारा निवेदन स्वीकार कर लिया और आने का आश्वासन दे दिया। हम उन्हीं की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

अभी महापुरुष की चर्चा चल ही रही थी कि महापुरुष का आगमन हुआ। सद्गुरु ने आगे बढ़कर उनका स्वागत किया।

सभी साधक प्रणत हुए। महापुरुष सद्गुरु के निकट आकर विराजमान हुए। थोड़ी देर तक निःशब्दता की तरंगें तरंगित होती रहीं। फिर सद्गुरु ने शब्द 'ब्रह्म' का उच्चारण किया।

महापुरुष से निवेदन किया कि सभी साधक आपकी दिव्य वाणी सुनने की प्रतीक्षा में हैं। आप उन पर कृपा वर्षा करें।

महापुरुष कुछ क्षण मौन रहने के बाद साधकों से बोले अपनी जिज्ञासा प्रकट करो।

एक साधक ने खड़े होकर निवेदन किया कि मैं अपने अन्दर अधूरेपन का अनुभव करता हूं। पूर्णता को कैसे प्राप्त करूं?

महापुरुष बोले–यह जो तुम्हारे अन्दर पूर्णता को प्राप्त करने की अभीप्सा जगी है, यह अभीप्सा तुम्हें साधना पथ में बहुत दौड़ायेगी।

तुम साधना करते–करते जिस मील के पत्थर पर पहुंचोगे, उस पत्थर पर पहुंचते ही फिर तुम्हें आगे का मील का पत्थर दिखायी पड़ जायेगा।

फिर तुम उस पत्थर तक जाओगे, इसी प्रकार मील के पत्थरों का सिलसिला आगे ही आगे बढ़ता चला जायेगा।

यह यात्रा तो अनन्त है। तुम किस बिन्दु पर जाकर अनुभव करोगे कि मैं पूर्णता के बिन्दु पर आ गया।

हे साधको! मुझे फकीर की घटना याद आती है। एक फकीर ने सुना कि एक पर्वत

की गुफा में एक महापुरुष निवास करते हैं।

वह महापुरुष पूर्णता को उपलब्ध हो गये हैं। वह फकीर उस महापुरुष के दर्शन के लिये पहाड़ पर पहुंचा।

जो महापुरुष गुफा में रह रहे थे, उन्हें आसन और प्राणायाम के क्षेत्र में दक्षता प्राप्त थी। कुछ साधक भी उस महापुरुष के पास हठयोग और राजयोग की शिक्षा और दीक्षा लेने आया करते थे। यह साधक पास में ही बनी हुई पर्णकुटीर में आकर ठहरते और अभ्यास करते थे।

फकीर ने एक साधक से यह संदेश भिजवाया कि पहले महापुरुष के चरणों में प्रणाम कहना और फिर कहना कि एक फकीर उनके दर्शनों के लिये आया है।

दर्शन देने का सुअवसर प्रदान करें। साधक ने महापुरुष को फकीर के दर्शनार्थ आगमन की सूचना दी।

संध्या का समय सुनिश्चित हुआ। फकीर को अवगत करा दिया गया। फकीर समय से गुफा द्वार पर पहुंच गया।

गुफा द्वार खुला और महापुरुष बाहर आकर बैठ गये। महापुरुष मौन हैं। उन के हाथ में जल से भरा हुआ एक कटोरा है।

जल से भरा कटोरा उन्होंने फकीर के आगे रख दिया। फकीर चुपचाप उस कटोरे को देखते रहे। अपनी झोली से कुछ तुलसी पत्र निकाले और कटोरे के जल में डाल दिये।

फकीर कहने लगा– हे महापुरुष! यह कटोरा जल से पूर्ण भरा हुआ है लेकिन यह अभी जल, जल ही है। कटोरा जल से पूर्ण होते हुए भी थोड़ा इसमें अधूरा पन है।

तुलसीदल जल को समर्पित हो जाने से यह जल केवल जल नहीं रहा, प्रभु का चरणामृत बन गया। महापुरुष मौन हैं। मुस्करा रहे हैं। फकीर की बात को सुनकर गद्‌गद हो रहे हैं। फकीर महापुरुष के दर्शन करके अपनी अन्तर्यात्रा पर निकल गया।

हे साधको! पूर्णता की कोई सीमा नहीं है। कटोरा भरा था। देखने में अपने में पूर्ण था लेकिन फिर भी उसमें तुलसीदल समा गये। इसी जल से शालिग्राम को स्नान कराया जा सकता है। अब और जल की सार्थकता बढ़ गई, अब और उसमें पूर्णता की सुगन्ध आ गई। एक व्यक्ति ने नया मकान बनवाया है, मकान बन कर तैयार हो गया। मकान पूर्ण बन गया।

गृह प्रवेश का पूजन हो गया। मकान बनकर जरूर पूर्ण हो गया लेकिन अभी बहुत कुछ अधूरा है।

मकान में सब सुख–सुविधा एवं मनोरंजन की सामग्री समायोजित कर दी गई।

अभी भी मकान अधूरा है। अभी व्यक्ति अकेला है। सरकारी नौकरी लग गई है। प्रशासनिक पद प्राप्त हो गया है।

शादी तय हो गई है। जब तक बहू को लेकर घर न आ जाये, घर अधूरा रहेगा।

विवाह होकर घर पर आ गये। कुछ दिन घर पर रहे। साहब दफ्तर चले गये। पत्नी अकेली है। घर में सूनापन है।

घर में किलकारियां चाहिये। अभी घर अधूरा है। नौ महीने बाद घर में दीप जग गया, रोशनी हो गई, घर रोशनी से भर गया।

घर में रोशनी है, लेकिन सुगन्ध नहीं। परिवार में एक सुगन्धित कलिका भी आ गई। घर सुवासित हो गया।

क्या घर पूर्ण हो गया? अब अन्दर बाहर कुछ अधूरापन तो नहीं रहा?

बहुत गहराई से जब जीवन में झांक कर देखेंगे, शान्त होकर सोचेंगे तो अधूरेपन के बिन्दु नजर आ जायेंगे।

यह अधूरापन कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता। इस अधूरेपन को कभी कोई भर नहीं सकता।

व्यक्ति को योग्यताएं प्राप्त हुई, अधूरापन बाकी रहा। सम्पदायें उपलब्ध हुई, अधूरापन अवशेष रहा।

तख्त–ताऊत मिले, अधूरेपन ने पीछा नहीं छोड़ा। कहते हैं मशरिक से सूरज निकलता है, मगरिब में डूबता है।

जिनकी सल्तनत इतनी लम्बी–चौड़ी रही, इतनी दूर तक फैली रही, वह भी एक अधूरापन महसूस करते रहे।

पृथ्वी का राज्य मिलने पर भी जब व्यक्ति तृप्त नहीं होता तो त्रिशंकु की तरह स्वर्ग का राज्य चाहता है।

क्या स्वर्ग का राज्य प्राप्त करके व्यक्ति का अधूरापन दूर हो जायेगा?

यह अधूरापन भरने से कभी दूर नहीं होगा। संसार से कितना भी अपने को भर लो कोई न कोई कोना खाली रह जायेगा।

हमारी दृष्टि भरने पर जुड़ी रहती है।

हमारे हाथ में खाली पात्र हैं। हम कभी नहीं सोचते, पात्र खाली है तभी तो वह भरा जायेगा।

पात्र के खालीपन की ओर तो हमारी दृष्टि ही नहीं जाती। वस्तु पात्र में भरने से पहले भी पात्र खाली है। पात्र में वस्तु भर ली।

क्या पात्र का खालीपन वस्तु के भरने के बाद कहीं चला गया? पात्र से वस्तु निकल गई। पात्र का खालीपन फिर खाली हो गया।

वस्तु के भरे रहने पर खालीपन किसी अज्ञात यात्रा पर नहीं चला गया। खालीपन तो नित्य उपस्थित है।

जो भरा गया था वह आया और चला गया। मिला और बिछुड़ गया। खालीपन न कहीं से आता है न कहीं जाता है।

वह तो मौजूद ही रहता है। जो सदैव मौजूद रहता है, उसी को तो सत्य कहते हैं।

हम लोग अपनी जीवन यात्रा में देखें। कितनी चीजें मिलीं और छूट गईं। बचपन में अपने को खिलौनों से भरा।

बड़े हुए सहज में ही खिलौने छूट गये। पहली कक्षा में आये, किताबों से अपने को भरने लगे। शब्दों का संसार अपने में उड़ेलने लगे।

पहली कक्षा में उत्तीर्ण हुए, दूसरी कक्षा की किताबों से झोले भर लिये। कक्षाओं में उत्तीर्ण होते गये पहली किताबें छूटती गईं।

हर कक्षा में मित्र बनते गये फिर अगली कक्षा में नये मित्र मिले। पुराने मित्रों से सम्बन्ध का धागा टूटता गया।

हर कक्षा में सफल होते गये। सफलता के प्रमाण पत्र मिलते गये। अन्त में सेवा के क्षेत्र में आ गये। सफलता की सीढ़ियां चढ़ने लगे। सफलता के सुमनों से झोली भरने लगे। अब कभी न कभी न चाहने पर भी विफलता के कांटे झोली में आ जायेंगे।

यह विफलता फिर अधूरेपन के घाव को कुरेद देगी। सफलता के शिखर पर बैठे हैं। पूर्णता का स्वाद ले रहे हैं।

क्या अधूरेपन की किर–किराहट मुंह का स्वाद नहीं बिगाड़ रही है?

हम लोग खालीपन की भी महिमा समझें। पूर्ण की ओर ही न भागें। शून्य में आकर जागें। हे साधको! अब भोजन का समय हो गया है। आप लोग भी भोजन करें। हम लोग भी भोजन ग्रहण करें।

सभी साधकों ने अपने प्रणाम–प्रसून अर्पित किये।

दोनों महापुरुष अन्नपूर्ण कुटीर की ओर चले गये। ■





श्री वैध धनवेतरी नमः



मो.: 9871560904
8802421517,9873143421

# शिव प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र

**डॉ. शिव शंकर गुप्ता 'साधक'**

**योगाचार्य, डी.एन.वाई.एस, नाड़ी विशेषज्ञ एवं हास्य व्यंग कवि**




। कमर दर्द । घुटनों का दर्द । रीढ़ की हड्डी का दर्द । रक्तचाप । हृदय रोग
। मोटापा । शाइटिका । थाइराइट । मूत्रा रोग । अल्सर । पोस्टेड
। गैस । एसिडिटी । कब्ज । त्वचा रोग

**जी-313, शकूर पुर कालोनी निकट सम्राट सिनेमा, एन.एस.पी., दिल्ली-110034**

# जीवन की बुनियाद

प्रकृति की व्यवस्था अज्ञात के विधान से व्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। कठपुतली के नृत्य को देखो। किस तरह वह नृत्य कर रही है। लगता तो यही है कि कठपुतली नाच रही है। देखने वाले बच्चे कहते हैं–देखो! देखो! यह कैसे नाच रही है।

जो प्रौढ़ हैं वह जानते हैं कि कठपुतली नहीं नाच रही है। कठपुतली के पीछे जो धागे बंधे हैं वह धागे सूत्रधार के संकेत से संचालित हो रहे हैं और तभी कठपुतली गतिशील हो रही है। इस प्रकृति कठपुतली के पीछे भी अज्ञात चैतन्य सूत्रधार है। लेकिन व्यक्ति की दृष्टि प्रकृति तक ही जाती है, उसके परे वह नहीं झांक पाता। विज्ञान की यात्रा प्रकृति तक है और ध्यान की यात्रा प्रकृति के परे तक जाती है। व्यक्ति को पदार्थ दृष्टिगोचर होता है, लेकिन पदार्थ के पीछे प्रभु की पदध्वनि नहीं सुनाई पड़ती।

पदध्वनि सुनने के लिये ध्यान के कर्ण चाहिये। जैसे भौतिक शब्दों को सुनने के लिये कानों की अपेक्षा है, ऐसे ही अज्ञात की ध्वनि सुनने के लिये ध्यान की जरूरत है।

कठपुतली कितनी आकर्षक प्रतीत होती है। लेकिन कठपुतली का समस्त आकर्षण तभी तक है जब तक वह सूत्रधार से जुड़ी है।

यदि सूत्रधार से सम्बन्ध टूट जाये तो धराशायी हो जायेगी। इन वृक्षों को देखो! यह वृक्ष कितनी मस्ती में लहरा रहे हैं।

बहुत से लोग इन वृक्षों की मस्ती देख कर ही मुग्ध हो जाते हैं। उन्हें यह पता ही नहीं कि इन वृक्षों की मस्ती जुड़ी हुई है, उनकी जड़ों से। यदि यह जड़ें इन वृक्षों को रस प्रदान न करें तो यह वृक्ष सूखी लकड़ी हो जायें। इनके हरे–हरे पत्ते सूख जायेंगे, इनके फूल मुरझा जायेंगे।

वृक्ष के इन पत्तों में जो हरियाली दिखाई पड़ रही है, यह हरियाली वृक्ष की नहीं, जड़ों की है। यह जो फूलों का सौन्दर्य प्रतीत हो रहा है यह पुष्पों का नहीं, जमीन में छिपी हुई जड़ों का है।

यह जो पुष्पों की सुवास से समस्त वातावरण सुवासित हो रहा है, यह फूलों की सुगन्ध नहीं, यह सुगन्ध है अंधेरे में छिपी हुई जड़ों की।

व्यक्ति को दिखायी तो वृक्ष पड़ता है, नजर तो वृक्ष के पत्ते और डालियां आती हैं। दृष्टिगोचर तो वृक्ष के फूल होते हैं।

किस की दृष्टि जाती है जड़ों की ओर। कोई प्रभात के सूर्य को देखकर मुग्ध होता है, तो कोई पूर्णिमा के चांद को देखकर आनन्दित होता है।

कोई सरिता की तरंगों को देखकर होता है आनन्दित और कोई पर्वतों का दर्शन करके होता है मुदित।

यह समस्त प्रकृति के सौन्दर्य की सुवास हमें प्रतीत हो रही है तो क्या कभी हमारी दृष्टि उस अज्ञात की ओर भी जाती है, जहां से प्रकृति के सूत्र अज्ञात सूत्रधार से जुड़े हैं?

गांव में जाइये और देखिये, पनघट के ऊपर कितने लोग कुएं से पानी भर रहे हैं। कुंआ बराबर सभी को पानी दे रहा है।

जिसका जितना बड़ा बर्तन है, वह उतना ही कुंए से पानी भर लाता है। लोगों से पूछो पानी कहां से लाये हो?

वह बतायेंगे कुंए से पानी लाये हैं। कुंआ भी गलतफहमी में आ सकता है। वह भी यह सोच सकता है कि मैं पानी दे रहा हूं।

जिन्हें भी थोड़ी गहराई से देखने की दृष्टि प्राप्त है, वह जानते हैं कि कुंए के स्रोत अज्ञात से जुड़े हैं।

यह पानी कुंए से नहीं आ रहा है। यह पानी आ रहा है अज्ञात स्रोतों से। इन अज्ञात स्रोतों की ओर जिनकी दृष्टि जाती हैं, उन्हीं को तो दृष्टिवान कहते हैं।

जो सामने का देखता है, उसकी दृष्टि तो सीमित है। जिसकी दृष्टि दृश्य तक जाती है, उसकी दृष्टि तो अधूरी है। जिसकी दृष्टि दृष्टा पर जाती है, उसकी दृष्टि पूरी है।

हम सभी तो ज्ञात को ही देख पाते हैं। अज्ञात की ओर तो हमारी दृष्टि उठ ही नहीं पाती। हम सभी तो अटक जाते हैं ज्ञात में।

ज्ञात का प्रलोभन इतना प्रबल है कि अज्ञात की ओर हमारे कदम उठ ही नहीं पाते। हमारे सामने आकर्षण होता है वृक्ष पर लगे हुए फलों का, पौधों पर खिले हुए फूलों का। हरे–हरे पत्तों का, वृक्ष की सघन छाया का। हमारा वृक्ष की जड़ों से लेना–देना ही क्या है। जड़ें हमारे किस काम की।

हम सभी तो उपयोगितावादी हैं। हमें तो सुख की तलाश है, वह दृश्य से मिल रहा है लेकिन यह भूल ही जाते हैं, यह सुख ज्यादा दिन ठहरने वाला नहीं।

यह सुख तो केवल बसन्त का सुख है। वसन्त हमेशा नहीं रहता। यह तो विदा हो जायेगा। फिर यह हरे–हरे पत्ते सूख जायेंगे। फूल मुरझा कर विदा हो जायेंगे।

डालियां नग्न हो जायेंगी। वृक्ष की छाया तिरोहित हो जायेंगी। बसन्त के विदा होने के बाद पतझड़ का आगमन होगा।

सुख चला जायेगा, दुख का आगमन होगा। प्रकृति के प्रांगण में सुख के फूल और दुःख के कांटे ही मिलेंगे।

जब हम प्रकृति से परे अज्ञात में झांकेंगे तभी सूत्रधार की अनुभूति होगी।

वृक्षों के झुरमुट में यह प्राकृतिक गुफा न जाने कब से लोगों की दृष्टि में अज्ञात है, सद्‌गुरु ने खोज ली है।

कई वर्ष पहले सद्‌गुरु जंगल में विचरण करते हुए यहां से गुजरे। अचानक उनकी दृष्टि गुफा पर पड़ गई।

सद्‌गुरु तो यही कहते हैं कि इस गुफा के स्पन्दनों के गुरुत्वाकर्षण ने ही उन्हें अपनी ओर खींच लिया।

यह गुफा अति प्राचीन है। स्पष्ट लगता है कि यह गुफा योगियों की ध्यान स्थली रही है। तभी तो इस गुफा में इतना गहरा सन्नाटा और शून्य है। सद्‌गुरु आकर इस

गुफा में ठहर जाते हैं।

साधकों के ठहरने की व्यवस्था पास के स्थानीय स्थलों पर हो जाती है। शिविर का प्रांगण गुफा के नजदीक ही, जो वन–वाटिका है, उसमें आयोजित किया जाता है।

शिविर में जिज्ञासु साधकों को ही आमंत्रित किया जाता है। क्योंकि शिविर में किसी भी प्रकार के मनोरंजन का कोई भी प्रावधान नहीं है।

जिन कार्यक्रमों में थोड़ी मनोरंजन की व्यवस्था होती है वहां तो साधकों का मन लग जाता है।

जहां केवल ध्यान की ज्योतिशिखा जलती है, वहां तो मन के लिये कोई खुराक नहीं मिलती।

मन तो जीता ही है खुराक पर। मन चाहता है मेरे पोषण के लिये मुझे बाहर से कुछ मिलता रहे।

जब उसे बाहर से कुछ नहीं दिया जाता, तब वह धीरे–धीरे अन्तर की ओर मुड़ने लगता है।

बच्चे बाहर खिलौनों से खेलते हैं। जब खिलौनों से खेलने को नहीं मिलता तब फिर घर के अन्दर आ जाते हैं।

ध्यान की साधना में साधक के मन को कल्पनाओं के रंग–बिरंगे खिलौने खेलने को नहीं दिये जाते।

साधक का मन फिर सहज में ही अन्दर की ओर मुड़ने लगता है। जो साधक बच. काने दिमाग के हैं, वह तो अनुभूतियों के रंग–बिरंगे खिलौनों से ही खेलना चाहते हैं।

सद्‌गुरु सावधान करते हैं। साधक संसार के रंग–बिरंगे खिलौनों से तो खेलते ही रहते हैं, यहां भी उनकी क्षणिक खुशी के लिये उन्हें अनुभूतियों के रंग–बिरंगे खिलौने दिये जायें, इससे उनका वास्तविक विकास नहीं होगा।

अनुभूतियों के ये खिलौने उन्हीं साधकों को अच्छे लगते हैं, जो कच्चे हैं।

सद्‌गुरु गुफा से बाहर निकल कर वृक्षों की सघन छाया में विराजमान हो गये हैं। सभी साधक वृक्षों के नीचे शान्त और मौन बैठे हुए हैं।

प्रतीक्षा हो रही है आगन्तुक महापुरुष की। कल ही सद्‌गुरु ने सभी साधकों को यह बता दिया था कि कल की संवाद–सभा में एक महापुरुष पधारेंगे।

यह महापुरुष उत्तरकाशी में गंगा–तट पर एक कुटीर में निवास करते हैं। शीतकाल में उत्तरकाशी में ज्यादा सर्दी पड़ने से वह ऋषिकेश आ जाते हैं।

ऋषिकेश में आकर जहां बाबा काली कमली वाली अन्न–क्षेत्र संस्था ने विरक्तों के आवास के लिये कुटीर एवं भोजन की व्यवस्था कर रखी है, यह वहीं आकर ठहरते हैं।

हम सभी उन्हीं मौनी बाबा का इन्तजार कर रहे हैं। यह महापुरुष गंगोत्री में बहुत दिनों तक मौन व्रत धारण किये रहे।

व्रत पूर्ण होने के बाद अब बोलने लगे हैं। अभी महापुरुष की चर्चा चल ही रही थी कि उनका आगमन हुआ।

सद्‌गुरु ने आसन से उठ कर उनका अभिवादन किया और उन्हें सप्रेम निकट के आसन पर बैठाया।

सभी लोग शान्त और मौन बैठे हुए हैं। सद्‌गुरु ने मौनी बाबा से निवेदन किया कि सभी साधक आपकी पावन वाणी श्रवण करना चाहते हैं।

मौनी बाबा कुछ क्षण चुप रहने के बाद साधकों की ओर उन्मुख होकर बोले–हमारे आने से पूर्व यहां क्या चर्चा चल रही थी?

एक साधक ने खड़े होकर कहा कि चर्चा चल रही थी प्रकृति के प्रसंग में कि हम सभी लोग प्रकृति की परिधि में हैं। प्रकृति से परे अज्ञात में कैसे झांकें?

मौनी बाबा ने बहुत ध्यान से प्रश्न को सुना और बोले–चेतना का एक छोर प्रकृति से जुड़ा हुआ है और दूसरा छोर जुड़ा हुआ है प्रभु से।

प्रकृति हमें दृष्टिगोचर होती है और प्रभु हमें दिखाई नहीं पड़ते। भवन हमें दिखायी पड़ता है लेकिन भवन की नींव नजर नहीं आती।

हम सभी भवन को महत्व देते हैं, नींव को नहीं। क्योंकि भवन हमारे उपयोग में आता है लेकिन नींव की हमारे जीवन में हमें कोई उपयोगिता दृष्टिगोचर नहीं होती।

हम सभी लोग जानते हैं कि अगर मकान की नींव कमजोर है तो आज नहीं तो कल मकान विशमार हो जायेगा।

इसलिये हम लोग मकान बनाने से पहले उसकी नींव काफी गहरी और मजबूत बनाते हैं। जितना भी मकान को ऊँचाई पर ले जाना होता है, उतना ही नींव को गहराई में ले जाते हैं।

यह फार्मूला मकान के बनाने में तो प्रयुक्त करते हैं लेकिन जीवन निर्माण में नहीं। हमारे जीवन की नींव हमारे प्रभु हैं।

मकान है यह हमारा जीवन। हम लोग जीवन का निर्माण करना चाहते हैं लेकिन हमारी दृष्टि जीवन की बुनियाद पर नहीं है।

नींव स्थिर है और मकान में सतत् परिवर्तन है। प्रभु नित्य हैं और यह जीवन अनित्य है।

प्रभु हमारे जीवन का आधार हैं और जीवन प्रकृति के प्रवाह में प्रवाहित हो रहा है। चेतना की धारा प्रकृति की ओर ज्यादा उन्मुख हो गई है और प्रभु से विमुखता हो गई है।

प्रभु से विमुखता होने से उनकी विस्मृति हो गई है। उनसे हमारे सम्बन्ध का सूत्र न कभी अलग हुआ है और न कभी हो सकता है।

प्रभु से तो हमारा नित्य सम्बन्ध है, शाश्वत रिश्ता है। वह तो न कभी छूट सकता है और न कभी टूट सकता है।

प्रकृति से हमारा रिश्ता कामना का है, चाह का है, बहुत क्षणभंगुर है। आज नहीं तो कल छूट सकता है, टूट सकता है।

जैसे–जैसे यह प्रकृति हमारा साथ छोड़ती जा रही है, यदि हम इसे गौर से देखें, जागरूक होकर देखें तो हम देखेंगे–प्रकृति आगे–आगे भाग रही है और हम इसके पीछे–पीछे दौड़ रहे हैं। यह प्रकृति तो अस्तित्व की छाया है।

अब कोई व्यक्ति अपनी ही छाया को पकड़ने की कोशिश करे तो कैसे पकड़ में आयेगी?

दो लड़के आपस में बहस कर रहे थे। पहला लड़का कहने लगा जिन्दगी में कुछ भी गैर मुमकिन नहीं है।

दूसरा लड़का कहने लगा–जिन्दगी में न जाने कितनी बातें गैर मुमकिन हैं जिन्हें

इन्सान करना चाहे, नहीं कर पायेगा।

दूसरे लड़के ने पहले लड़के से कहा क्या तुम अपना कान अपने मुंह से पकड़ सकते हो? कान और मुंह में तो ज्यादा दूरी भी नहीं है।

अपने मुंह से अपना कान काट के दिखाओ।

पहले लड़के ने अपना मुंह बहुत इधर–उधर घुमाया, बहुत उछल कूद की। उसके शरीर को कई चोटें भी लग गईं लेकिन वह मुंह से कान पकड़ न पाया।

दूसरा बोला यह तो बहुत छोटा काम था। जब तुम यही नहीं कर पाये तो बहुत से ऐसे असंभव कार्य हैं, उन्हें कैसे कर पाओगे?

पहला लड़का चुप हो गया। भागती हुई प्रकृति को पकड़ना असंभव है। व्यक्ति दौड़–दौड़ कर थक जायेगा, परास्त हो जायेगा, टूट जायेगा, अन्त में करबला में दफन हो जायेगा।

इस प्रकृति को न आज तक कोई पकड़ पाया है और न कोई पकड़ पायेगा। कौन चाहता है किशोर अवस्था विदा हो जाये।

किसे अच्छा लगता है उसका यौवन धीरे–धीरे तिरोहित हो जाये। कौन चाहेगा वृद्धावस्था जीवन में आ जाये।

कौन ऐसा इन्सान है जो मौत की अंधेरी अज्ञात खाई में उतरना चाहेगा? लेकिन यह सब होता है। जो भी प्रकृति से बंधा है, उसे प्रकृति के प्रवाह में बहना होगा।

प्रकृति में हम तभी तक बहते हैं, जब तक हम बेहोश हैं। जब तक चेतना प्रमाद में है, तब तक तो प्रकृति के साथ वर्तुल में घूमती रहेगी।

प्रकृति एक वर्तुल में घूम रही है। वर्ष आते हैं, ऋतुएं आती हैं, महीने होते हैं, दिन–रात आते रहते हैं।

यह एक चक्र चल रहा है। निरन्तर यह प्रकृति का चाक घूम रहा है। हर चीज दोहरायी जा रही है।

परसाल भी सभी महीने आये। अब भी वही महीने आ रहे हैं। पर साल भी सभी ऋतुएं आई, इस साल भी सभी ऋतुएं आ रही हैं।

परसाल भी सभी दिन आये अब भी सभी दिन आ रहे हैं। जब तक हम प्रकृति के चाक से जुड़े हैं, चेतना घूमती ही रहेगी। भटकती ही रहेगी।

